# कार्यालय निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/प्रारं0/सांख्यिकी/एमडीएम नामांकन/8576/2016–17 दिनांकः 26.10.17

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
प्रारम्भिक शिक्षा।

विषयः– मिड–डे–मील योजनान्तर्गत कक्षा 1 से 8 के सभी विद्यालयों एवं नामांकन की सूचना आधार तिथि 30 सितम्बर, 2017 के आधार पर भिजवाने बावत ।

प्रसंगः– आयुक्त, मिड–डे–मील का पत्र क्रमांक एफ4(234) पीआरडी/एमडीएम/नामांकन की सूचना/2015/पार्ट–IV/705 जयपुर दिनांक 10.10.2017

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में लेख है कि आयुक्त, मिड–डे–मील द्वारा मिड–डे–मील कार्यक्रम के अन्तर्गत वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2018–19 तैयार कर भारत सरकार को भिजवाया जाना है जिसमें राज्य के सभी विद्यालयों में अध्ययनरत् कक्षा 1 से 8 तक के (प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा के अधीन संचालित) विद्यार्थियों की नामांकन एवं विद्यालयों की सूचना आधार तिथि 30.09.2017 के आधार पर निर्धारित प्रारूप में संकलित की जानी हैं। नामांकन की सूचना तैयार करते समय निम्नलिखित बिन्दुओं का विशेष रूप से ध्यान रखा जावेः–

1. प्रपत्रों के कॉलम संख्या 07 में उन विद्यालयों को सम्मिलित करना है जिनमें कक्षा 1 से 5 तक की कक्षाएं संचालित नहीं होती है।
2. प्रपत्रों के कॉलम संख्या 11 में उन सभी विद्यालयों को सम्मिलित करना है जिनमें कक्षा 1 से 8, कक्षा 1 से 10 एवं कक्षा 1 से 12 तक की कक्षाएं संचालित होती है।
3. प्रपत्र 2 में केवल उन्हीं विद्यालयों को सम्मिलित किया जावे जिन्हें भारत सरकार द्वारा अनुदान प्राप्त है।
4. प्रपत्र 4 में केवल उन्हीं मदरसा एवं मकतबों को सम्मिलित करावें जिन्हें सर्व शिक्षा अभियान से सहायता प्राप्त हो।

उक्त सूचना निर्धारित प्रपत्रों में पूर्ति कर सॉफ्ट कॉपी ई–मेल आई.डी. statistics.ele@gmail.com पर प्रेषित करते हुए हस्ताक्षरित हार्ड प्रति दिनांक 31.10.2017 तक इस कार्यालय को प्रेषित करें तथा इसकी प्रति मय सूचना आयुक्तालय, मिड–डे–मील कार्यक्रम, जयपुर को भी आवश्यक रूप से प्रेषित करें। **इसी सूचना के आधार पर आगामी समय के लिए भारत सरकार से खाद्यान एवं राशि की आवश्यकता को प्रस्तावित किया जा सकेगा।**

संलग्नः– उपरोक्तानुसार (4 पेज)

निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर।

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. आयुक्त, राष्ट्रीय पोषाहार सहायता कार्यक्रम, नवजीवन कॉम्पलेक्स, भवानी सिंह मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर।

www.rajteachers.com

2. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
3. समस्त उपनिदेशक, माध्यमिक शिक्षा को प्रेषित कर लेख है कि आप अपने अधीनस्थ समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को वाछित सूचना जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा को उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित करे।
4. समस्त उपनिदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि आप अपने अधीनस्थ समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को उपरोक्तानुसार चाही गई सूचना अपने अधीनस्थ विद्यालयों तथा माध्यमिक शिक्षा से अधीनस्थ विद्यालयों एवं नामांकन सूचना निर्धारित प्रपत्रों में प्राप्त कर इकजाई सूचना समय पर प्रेषित करने हेतु पाबन्द करे।

निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर।

www.rajteachers.com